नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




5 मध्य प्रदेश की नई उड़ान और अधूरी मंजिल


6 दिखावे से परे : चरित्र और विवेक ही सच्ची महानता की पहचान


7 वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा की प्रासंगिकता


8 बंगाल में यूसीसी पर बड़ा कदम


## एक नजर में

### ईरान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हुई

**तेहरान.** ईरान पर अमेरिका के हालिया हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है और 100 से ज़्यादा लोग घायल हुए हैं. ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय की प्रेस सेवा के प्रमुख होसैन केरमानपुर ने यह जानकारी दी है। श्री केरमानपुर ने पहले बताया था कि इन हमलों में 14 लोग मारे गए और 78 अन्य घायल हुए। शुक्रवार देर रात एक्स पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि आठ-नौ जुलाई को ईरान के छह शहरों पर हुए हवाई हमलों में 115 लोग घायल हुए, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल थीं। उन्होंने कहा, 14 ऑपरेशन किए गए, 102 लोगों को चिकित्सा देखभाल दी गई और उन्हें छुट्टी दे दी गई।

### रूस ने कीव में ड्रोन बनाने वाली फैक्ट्री पर किया हमला

**मॉस्को.** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में सैन्य-औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर उच्च सटीकता वाले हमले किये हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि रूसी सेना ने शुक्रवार रात कीव स्थित एयरोड्रोन संयंत्र को निशाना बनाया, जहां मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) का निर्माण किया जाता है। मंत्रालय के अनुसार, हमलों में फैनप्लिट परिसर को भी निशाना बनाया गया, जहां फायर प्वाइंट-2 ड्रोन का संयोजन और भंडारण किया जाता था।

# टूरिस्ट बोट पलटने से 15 भारतीयों की मौत

**36** लोग सवार थे नाव पर, जिनमें चार क्रू मेंबर भी शामिल थे

**21** लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया



**फुक्कोक (वियतनाम), 11 जुलाई. वियतनाम के फुक्कोक द्वीप के पास शनिवार सुबह एक बड़ा समुद्री हादसा हो गया. पर्यटकों को लेकर जा रही एक टूरिस्ट बोट समुद्र में लहरों के बीच पलट गई, जिसमें सवार 32 भारतीयों में से 15 की मौत हो गई. स्थानीय प्रशासन और भारतीय दूतावास के अनुसार नाव पर कुल 36 लोग सवार थे, जिनमें चार क्रू मेंबर भी शामिल थे. हादसे के बाद चलाए गए राहत एवं बचाव अभियान में 21 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है.**

सुबह करीब 10:30 बजे हुई. यह नाव फुक्कोक द्वीप के पास स्थित 'होन मे रुट' से पर्यटकों को 'न्गोआई' द्वीप की सैर कराने जा रही थी. बताया गया कि तट से लगभग 400 मीटर पहले अचानक नाव पलट गई. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही थीं, जिससे नाव का संतुलन बिगड़ गया. सामने आए वीडियो में भी समुद्र में तेज लहरें दिखाई दे रही हैं.

जानकारी के अनुसार अधिकांश भारतीय पर्यटक तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से जुड़े थे. भारतीय दूतावास ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद वह वियतनाम के स्थानीय प्रशासन और संबंधित एजेंसियों के लगातार संपर्क में है. प्रभावित यात्रियों और उनके परिजनों की सहायता के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है तथा हेल्पलाइन नंबर +84 36 281 7930, +84 91 552 37 14 और +84 33 452 0414 जारी किए गए हैं.

### पीएम मोदी, खरगे-राहुल ने हादसे पर जताया शोक




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वियतनाम के फूक्कोक के पास भारतीय नागरिकों की नाव दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए एक पोस्ट साझा किया है जिसमें उन्होंने लिखा है कि वियतनाम के फूक्कोक के पास भारतीय नागरिकों की नाव दुर्घटना की दुखद खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय पर्यटकों को ले जा रही नौका के पलटने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से बचाव अभियान पर लगातार नजर रखने और प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# नर्मदापुरम नगरपालिका में 7.79 करोड़ का घोटाला

**02** कर्मचारियों पर मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 11 जुलाई.** नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम में करोड़ों रुपये के राजस्व घोटाले का सनसनीखेज खुलासा हुआ है. करीब 7.79 करोड़ रुपये की शासकीय राशि के गबन के मामले में कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार देर रात को नगर पालिका के दो कंप्यूटर ऑपरेटरों भुवन मेहता और हरीश गोस्वामी के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना, सरकारी धन के गबन सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की है. यह कार्रवाई नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष अभय वर्मा द्वारा लगभग एक वर्ष पूर्व की गई शिकायत और संचालनालय की जांच के बाद आरोपों की पुष्टि होने के बाद की गई है. दोनों आरोपियों ने राजस्व वसूली की रसीदों में हेरफेर कर सरकारी खजाने को करोड़ों का चूना लगाया हैं.




मोदीजी पिछले 40 वर्षों में न्यूज़ीलैंड का दौरा करनेवाले पहले प्रधान मंत्री हैं

# सीएम, खंडेलवाल और जामवाल के सामने रखा अपना पक्ष

## नरोत्तम मिश्रा ने कहा-पार्टी जो जिम्मेदारी देगी उसे पूरा करेंगे

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 11 जुलाई. दतिया विधानसभा उपचुनाव में डॉ. नरोत्तम मिश्रा का भाजपा से टिकट कटने के बाद दतिया में हुए उपद्रव के बाद भाजपा संगठन ने सख्ती दिखाई. भाजपा संगठन ने डॉ. मिश्रा को शनिवार को भोपाल तलब किया, संगठन के फरमान के बाद डॉ. मिश्रा शनिवार को राजधानी पहुंच भी गए.**

यहां पहुंचने के बाद वे तुरंत ही डैमेज कंट्रोल में जुट गए, जिससे कि उन्हें कोई राजनीतिक नुकसान न हो. निवास पहुंचने के बाद वे देर शाम सीएम हाउस के लिए रवाना हुए. यहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और अजय जामवाल के साथ उनकी बैठक हुई, जिसमें डॉ. मिश्रा ने दतिया के घटनाक्रम को लेकर अपना पक्ष रखा. वहीं डॉ. मिश्रा को यह बता दिया गया कि निर्णय दिल्ली हाईकमान का है. मुलाकात के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने सीएम हाउस से ही एक वीडियो जारी कर संकेत दिया कि अब ऑल इज वेल. उन्होंने ये भी साफ कर दिया कि पार्टी ने आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया है और उसमें अब कोई बदलाव नहीं होगा.



### निर्णय में पीएमओ का भी दखल

डॉ. नरोत्तम मिश्रा प्रदेश में बड़े कद के भाजपा नेता हैं. बताया जा रहा है कि दिल्ली से यदि उनका नाम कटा है, तो इसमें पीएमओ का भी दखल बताया जा रहा है. सूत्रों के मुताबिक सर्वे में डॉ. मिश्रा को लेकर निगेटिव रिपोर्ट आने के बाद भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उन्हें टिकट दिये जाने के पक्ष में थे, यही राय भाजपा संगठन की भी थी, लेकिन जब डॉ. मिश्रा को लेकर अंदरुनी रिपोर्ट पीएमओ तक पहुंची तो फिर इस मामले में समझौता नहीं करने का फरमान मिला, उसके बाद फिर डॉ. मिश्रा की जगह आशुतोष तिवारी को भाजपा का उम्मीदवार घोषित करने का निर्णय लिया गया.

# मेरी हत्या हुई तो होगी भीषण बमबारी : ट्रंप

- अमेरिका के राष्ट्रपति की ईरान को चेतावनी
- दुनिया ने पहले कभी नहीं देखी होगी सैन्य कार्रवाई

**वॉशिंगटन, 11 जुलाई. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर कड़ा बयान देते हुए कहा है कि यदि उनकी हत्या करने की कोई साजिश सफल होती है तो उन्होंने पहले से ऐसी सैन्य कार्रवाई के निर्देश दे रखे हैं, जैसी दुनिया ने पहले कभी नहीं देखी होगी.**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को अब तक की सबसे कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनकी हत्या की कोई भी कोशिश हुई तो अमेरिका '1000 मिसाइलें लॉक्ड एंड लोडेड' रखे हुए है और जवाब ऐसा होगा कि ईरान का नामोनिशान मिट सकता है. एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि वह लंबे समय से ईरान की हिट लिस्ट में शामिल हैं और यह कोई नई बात नहीं है. उन्होंने कहा कि फिलहाल उनके खिलाफ किसी नए हत्या के खतरे से जुड़ी ताजा खुफिया जानकारी नहीं है, लेकिन उन्होंने एहतियात के तौर पर आवश्यक निर्देश पहले ही छोड़ रखे हैं. ट्रंप ने कहा कि अगर उनके साथ कुछ भी होता है तो ईरान पर इतिहास की सबसे भीषण बमबारी की जाएगी.

### पिता की मौत का बदला लेने मोजतबा ने खाई कसम

**तेहरान, 11 जुलाई.** ईरान के नए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने शनिवार को अपने पिता और पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत का बदला लेने की बात कही. उन्होंने यह संदेश अपने आधिकारिक टेलीग्राम अकाउंट पर जारी किया, जिसे उनके पिता के अंतिम संस्कार के अवसर पर सार्वजनिक किया गया.

# श्रीमती नीता एम. अंबानी इस साल की 'फॉर्च्यून मोस्ट पावरफुल वुमन' लिस्ट में पहले स्थान पर




**मुंबई.** फॉर्च्यून इंडिया ने शुक्रवार को मुंबई के फोर सीजन्स होटल में अपना खास 'मोस्ट पावरफुल वुमन' 2026 इवेंट आयोजित किया, इसमें बिजनेस, फाइनेंस, टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर, पब्लिक पॉलिसी और एंटरप्रेन्योरशिप जैसे क्षेत्रों की भारत की प्रमुख महिला लीडर्स एक साथ आईं. इस इवेंट में फॉर्च्यून इंडिया मोस्ट पावरफुल वुमन 2026' लिस्ट जारी की गई, जिसमें उन 100 महिलाओं को शामिल किया गया, जिनकी लीडरशिप देश के आर्थिक और बिजनेस परिदृश्य को आकार दे रही है. शाम के दौरान लीडरशिप के भविष्य, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आर्थिक सशक्तिकरण, एंटरप्रेन्योरशिप, समावेशिता और राष्ट्र-निर्माण जैसे अहम विषयों पर प्रभावशाली बातचीत हुई. खास पलों में, रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन और इस साल की नंबर 1 'मोस्ट पावरफुल वुमन' नीता अंबानी ने लीडरशिप की एक व्यापक परिभाषा की वकालत की, जो करुणा, समावेशिता और अवसर पर आधारित हो. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लड़कियों में निवेश करना भारत के भविष्य के लिए बुनियादी तौर पर जरूरी है. अलग-अलग सेशन में बिजनेस लीडर्स ने इस बात पर रोशनी डाली कि भले ही AI, भू-राजनीतिक बदलाव और तेज तकनीकी परिवर्तन उद्योगों को बदल रहे हैं, लेकिन मजबूत लीडरशिप हमेशा जिज्ञासा, लचीलेपन, कस्टमर पर ध्यान और मानवीय समझ पर निर्भर करेगी. फाइनेंशियल इन्क्लूजन (वित्तीय समावेश) पर हुई बातचीत में इस बात पर जोर दिया गया कि महिलाओं के सशक्तिकरण का अगला चरण सिर्फ वित्तीय सेवाओं तक पहुँचने तक सीमित नहीं है, बल्कि सक्रिय रूप से संपत्ति बनाने और वित्तीय निर्णय लेने में भी है. इस कार्यक्रम में समावेशी कार्यस्थल बनाने, लंबे समय तक चलने वाले कंज्यूमर ब्रांड बनाने और 'विकसित भारत' के विजन को हासिल करने में पोषण और हेल्थकेयर की भूमिका पर भी ज्ञानवर्धक चर्चाएँ हुईं. 'मोस्ट पावरफुल वुमन' प्लेटफॉर्म लीडरशिप के लिए भारत के सबसे प्रभावशाली मंचों में से एक के रूप में लगातार विकसित हो रहा है. ऐसे में, 2026 के इस एडिशन ने उन महिलाओं को मान्यता देने के प्रति फॉर्च्यून इंडिया की प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया, जो बिजनेस और समाज में सार्थक बदलाव ला रही हैं.



1

**Nita Ambani**
Chairperson, Reliance Foundation

**Impact Leadership**

Dhirubhai Ambani once said, "For those who dare to dream, there is a whole world to win." And someone in the family who has dreamt expansively and inclusively is his daughter-in-law, Nita Ambani. As chairperson of Reliance Foundation, she focusses on building institutions that combine scale with social impact, while advancing the vision of inclusive growth.

Since its inception, the foundation has touched more than 97 million lives through its social initiatives. In FY26 alone, it spent ₹2,248 crore on CSR programmes, up from ₹2,156 crore the previous year.

Looking ahead, Ambani has outlined plans to expand the foundation's social impact five-fold by 2035, including the establishment of a medical college, integrated with a 2,000-bed medical city in Mumbai. At Vantara, the foundation's wildlife conservation initiative in Jamnagar, she envisions creating the world's first wildlife university. "I'm excited about what we can achieve in the coming years."

"For us, 'doing good' is not only an initiative and 'WE CARE' is not only a philosophy. It is a way of life... True power lies in uplifting others," she says.

—Nevin John

# देश के 5.68 लाख गांवों में होगा सबसे बड़ा मोबाइल नेटवर्क सर्वे

**नई दिल्ली, 11 जुलाई. संचार मंत्रालय के डाक विभाग और भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने शुक्रवार को नई दल्ली में देशभर के 5.68 लाख से अधिक गांवों में मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।**



केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण भारत में दूरसंचार सेवाओं की गुणवत्ता का वास्तविक आकलन करना, डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करना और डिजिटल इंडिया अभियान को गति देना है।

# बहामास में लैंडिंग से पहले छोटे विमान दुर्घटना में 10 लोगों की मौत

**नासाउ. उत्तर अमेरिका के कैरिबियाई क्षेत्र में मौजूद द्वीपीय देश बहामास में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार नौ यात्रियों और एक पायलट समेत 10 लोगों की मौत हो गयी.**



सूत्रों के अनुसार, देश के विमान दुर्घटना जांच प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि यह हल्का विमान राजधानी नासाउ के निकट स्थित लिंडन पिंडलिंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सैन एंड्रोस हवाई अड्डे के लिए छोटी दूरी की उड़ान पर था. लैंडिंग से पहले विमान में तकनीकी दिक्कत आने की सूचना मिली और वह झाड़ियों में जा गिरा. यह दुर्घटना बहामास के 53वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हुई. प्रधानमंत्री फिलिप डेविस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, कि आज उत्सव का दिन था, लेकिन यह शोक के दिन में बदल गया है.

**दौरा** — द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 35,000 करोड़ रुपये करने का तय किया लक्ष्य

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच दस समझौते



**नई दिल्ली 11 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों के छह दिवसीय दौरे के आखिरी चरण में शनिवार को ऑकलैंड में आयोजित सामुदायिक कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर के बीच ऑकलैंड में हुई वार्ता के बीच दस समझौते पर सहमति बनी.**

भारत और न्यूजीलैंड ने द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत बनाने के लिए समुद्री सहयोग, जल सर्वेक्षण, रसद सहायता, आतंकवाद रोधी सहयोग, आपदा प्रबंधन, पशुपालन एवं डेयरी, पर्यटन और खेल जैसे अनेक क्षेत्रों में दस समझौतों और आठ नई पहलों की घोषणा की है.

(शेष पेज 2 पर)

### मफलर आज भी मेरे पास

पीएम मोदी ने शनिवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भारतीय समुदाय को संबोधित किया. पीएम मोदी ने तीस साल पुराना किस्सा सुनाया. पीएम ने कहा- 25-30 साल पहले जब मैं किसी सरकार का हिस्सा नहीं था, तब मुझे यहां आने का मौका मिला था. उस समय मुझे किसी ने गिफ्ट में 3 चीजें दीं, जो मैं भारत लेकर गया. एक- मफलर, दूसरी- कैप और तीसरा- एक सेट दस्ताना.